तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

भू-विस्थापितों ने किया प्रदर्शन 2



## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है उन्हे सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति हेतु तिथि निर्धारित कर दी गई है। नवीनीकरण हेतु विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि क्रमशः 31 मई तक, 31 अगस्त तक एवं 30 नवंबर तक निर्धारित की गई है। नवीन हेतु विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि 31 अगस्त, 30 सितंबर एवं 30 नवंबर निर्धारित है। राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। वर्ष 2025-26 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमैट्रिक-एर्थेटिकेशन किया जाना आवश्यक है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 28 जुलाई से 11 अगस्त तक पात्र एवं इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कुररीहापारा, ग्राम पंचायत बीरतराई के ग्राम कचोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कचोरा छोटे, ग्राम पंचायत चिचौली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र चिचौली, ग्राम पंचायत देवलापाठ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र देवलापाठ एवं बगदर और ग्राम पंचायत जमनीपाली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र डीपरापारा में आंगनबाड़ी सहायिका की रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली से संपर्क किया जा सकता है।

### अपग्रेडेशन के कारण 27 को दो जोड़ी मेमू ट्रेन रहेगी रद्द

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के उरगा स्टेशन पर उरगा-कोरबा बायपास लाइन के मध्य इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य हेतु आवश्यक ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के फलस्वरूप केवल एक दिन के लिए निम्नलिखित मेमू ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगी।जिसमें 27 जुलाई 2025 को गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर एवं गाड़ी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 68732 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर एवं गाड़ी संख्या 68731 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

### नरेंद्र मोदी विचार मंच का हुआ गठन

**कोरबा।** विश्व मनावधिकार सुरक्षा मंच के अन्तर्गत नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती अग्रवाल की उपस्थिति में जिला गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी सोनी, सचिव रवि शंकर, कोषाध्यक्ष ममता गुप्ता व सह कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला श्रीवास एवं प्रचार मंत्री लालाराम राठीया को उक्त पद नियुक्त किया गया तथा सदस्य डॉ श्रीमती रितेश सुनहरे, बबीता महतो, शांति महतो, मीना शर्मा सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। विचार मंच के माध्यम से विश्व मनावधिकार सुरक्षा संबंधित कार्यों को मुख्य कार्यालय के आदेशानुसार संचालित कर मानवहित में कार्य करने का शपथ ग्रहण किया गया।

# केचमेंट में लगातार हो रही है बारिश, बांगो बांध का वॉटर लेवल पहुंचा 55 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून के दस्तक के साथ ही इस बार बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार अच्छी बारिश हो रही है जिसके चलते जुलाई महीने के शुरुआती दौर में ही बांगो बांध आधे से ज्यादा भर चुका है जबकि जून के महीने में बांगो बांध लगभग खाली के करीब जा पहुंचा था।

अलग खबर

लगातार बांगो बांध का बढ़ता जलस्तर जल संसाधन विभाग के लिए अच्छी खबर है और आने वाले दिनों में यदि किसानों की डिमांड आती है तो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। हालांकि अभी बांध को भरने में कुछ वक्त जरूर लगेगा लेकिन जिस रफ्तार से बांध में पानी आ रहा है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जुलाई महीने में बांधे गले तक भर सकता है।

उल्लेखनीय है कि जून के महीने में बांगो बांध का जलस्तर 25 फीसदी तक जा पहुंचा था। लगातार गिरते जलस्तर को लेकर जल संसाधन विभाग में चिंता की लकीर साफ देखी जा रही थी और बांध में बने हाइडल प्लांट के संयंत्र को संचालित करने के लिए ही चंद घंटे ही संचालित किया जा रहा था। 15 जून के बाद बारिश ने जैसे ही दस्तक दी बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार अच्छी बारिश होने लगी। जिसके चलते धीरे-धीरे बांगो बांध का जलस्तर बढ़ता ही चला गया। अब महज 20-25 दिनों के भीतर बांगो बांध का जलस्तर काफी तेजी से बड़ा है और यह जलस्तर 351.28 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव का 55.69 फ़ीसदी है। हालांकि अभी भी बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो अभी तान नदी का पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है जिससे ही दाएं और बाएं तरफ पानी छोड़ा जा रहा है। यदि किसानों द्वारा पानी की डिमांड की जाती है तो आने वाले दिनों में बांध का वाटर लेवल 60 फीसदी पहुंचते ही हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और किसानों को खेती के लिए पानी भी दिया जाएगा। हालांकि अभी बांध को भरने में काफी वक्त लगेगा लेकिन जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो यदि इसी रफ्तार से बारिश होती रही तो जुलाई के अंतिम सप्ताह या फिर अगस्त के 15 अगस्त तक बांध लबालब होने की उम्मीद जताई जा रही है। यदि बांध के कैचमेंट इलाके में इसी रफ्तार से बारिश होती रही तो निश्चित तौर पर इस बार भी बांगो बांध लबालब हो जाएगा और गेट को खोलने की नौबत आ जाएगी। हालांकि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि बांध लबालब पहुंचने के करीब पहुंचता है तो हाइडल प्लांट से ही पानी की रफ्तार को कंट्रोल किया जाएगा।

### हाईडल प्लांट को मात्र 2 घंटे किया जा रहा संचालित



## विभाग के प्रस्ताव पर शासन से नहीं मिले अनुमति

# पीएचई विभाग की सोलर पंप योजना प्रस्ताव के बाद भी नहीं बढ़ सकी आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बीहड़ वनांचल क्षेत्र जहां जल स्त्रोत नीचे होने के कारण जल जीवन मिशन योजना नहीं पहुंच सकी। ऐसे क्षेत्रों में सोलर पंप योजना के तहत काम करने का प्रस्ताव पीएचई विभाग ने तैयार किया था। उस प्रस्ताव पर राज्य शासन की ओर से अनुमति मिलने की कार्यवाही पूरी नहीं होने से सोलर पंप योजना प्रस्ताव के बाद आगे नहीं बढ़ सकी।

**खास बात**

- पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों के लिए तैयार की गई थी योजना



फाइल फोटो

शुद्ध पेयजल की सुविधा हेतु नल जल योजना, जल जीवन मिशन, चोटिया जलावर्धन योजना, एतमानगर जलावर्धन योजना जैसे बड़े कार्य विभाग में चल रहे हैं उसके बाद ऐसे क्षेत्रों में जहां जल स्तर नीचे होने के कारण जल जीवन मिशन के टंकियों में पानी नहीं पहुंचने के समस्या को देखते हुए उन क्षेत्रों में सोलर पंप योजना लागू कर ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा देना था। इसके लिए सभी विकासखंड से ऐसे ग्रामीण अंचलों का चयन भी किया गया था। जहां अंडरग्राउंड वाटर नीचे होने के कारण गर्मी के दिनों में हैंड पंप जवाब दे जाते हैं। तालाबों में पानी सूख जाता है। इन क्षेत्रों के लिए सोलर पंप योजना रामबाण सिद्ध हो रही थी और विभाग ने इस उद्देश्य को देखते हुए योजना तैयार की और कुदुरमाल से इसकी शुरुआत करते हुए खनन कार्य किया। किंतु इसके बाद सोलर पंप और प्लेट लगाने का काम बंद हो गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत बेला, दूधीटांगर, तिलईडांड़ ऐसे ग्राम पंचायत है जहां पानी का संकट है और भूजल स्तर गर्मी के दिनों में नीचे चला जाता है। इन पंचायतों में भी सोलरपंप योजना लागू करने की तैयारी की थी। इन गांव में जल जीवन मिशन से अभी पाइप लाइन बिछाने और नल कनेक्शन देने का काम शुरु ही नहीं किया गया है।

**योजना की मियाद बढ़ी**

जल जीवन मिशन योजना की मियाद 2026 तक बढ़ गई है। अभी भी जिले के ग्रामीण अंचलों में जलावर्धन योजना का काम पूरा नहीं हुआ है। पानी टंकियों का निर्माण किया गया है लेकिन जल स्त्रोत नहीं होने के कारण पूरी गर्मियों में पानी टंकियों में नहीं भर सका। इससे ग्राम पंचायतों में पानी की आपूर्ति भी नियमित रुप से नहीं चली। ऐसे क्षेत्रों के लिए सोलरपंप योजना बनी थी किंतु विभाग के तत्कालीन अधिकारियों ने नजर अंदाज कर ऐसे ग्राम पंचायतों को जहां जल स्त्रोत नहीं है या भूजल स्त्रोत नीचे हैं उन क्षेत्रों में टंकियों का निर्माण कर दिया गया है। जबकि सोलर पंप योजना के तहत इन क्षेत्रों में काम किया जाना था।

# पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने की ढाबों की चेकिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाईवे पर स्थित डुमरकछार से बगदेवा तक ढाबों की आकस्मिक चेकिंग पाली पुलिस द्वारा किया गया। हाईवे पर स्थित ढाबा अनिल ढाबा डुमरकछार, मन्नू ढाबा डुमरकछार, नारायण ढाबा डुमरकछार, अनिल ढाबा पाली, विराज होटल दिनेश गोस्वामी ढाबा पाली, बतरा ढाबा मुनगाडीह, सभी ढाबों का सघन चेकिंग किया गया। किसी प्रकार की आपत्तिजनक नशे से संबंधित पदार्थ नहीं मिला। सभी ढाबों को सख्त हिदायत दिया गया कि किसी प्रकार नशा संबंधी शिकायत नहीं मिलना चाहिये। शराब पीना मना है का फ्लैग लगा हुआ होना चाहिये एवं वाहनों को सही ढंग से पार्किंग कराया जाये किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सूचना तत्काल थाना में एवं डायल-112 को दिया जाएं। जांच के क्रम मे कुछ दिन पूर्व ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं उनके टीम के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग की गई थी तथा नारायण ढाबा, मनू ढाबा, अनिल ढाबा, एवं गोस्वामी ढाबा को फूड लायसेंस न होने के कारण खाद्य अधिकारी द्वारा बंद कराया गया था एवं लायसेंस की प्रक्रिया तथा लायसेंस प्राप्त करने के उपरांत ही ढाबा का संचालन करने की सख्त हिदायत दी गई थी। यह चेकिंग अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत



घटनास्थल में लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पल्सर मोटरसाइकिल में सवार होकर दो युवक जा रहे थे कि बीच रास्ते में एक पिकअप वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। इस बीच परिजन मेडिकल अस्पताल पहुंचे और नाराजगी जाहिर करते हुए मर्च्युरी के भीतर रखे शव को लेने को लेकर जमकर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल मामले में पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं हो पाई है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

- मौत के बाद परिजनों ने मर्च्युरी में की तोड़फोड

जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार रामसागरपारा निवासी विकास इंदर उम्र 26 वर्ष पिता टेकलाल इंदर और नीरज दोनों पल्सर मोटरसाइकिल में सवार होकर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत की ओर जा रहे थे दोपहर लगभग 2 बजे इमलीडुग्गू के समीप पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 बीई 8928 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे विकास और नीरज सड़क पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत विकास को मृत घोषित कर दिया और उसके शव को मर्च्युरी कक्ष में रखवा दिया। इस बीच जब उसके परिजनों को इस घटना की सूचना और विकास की मौत की खबर मिली तो वे आनन फानन में मेडिकल हॉस्पिटल के ठीक पीछे स्थित मर्च्युरी कक्ष पहुंचे और शव को लेने के लिए जमकर हंगामा करने लगे जब अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बताया कि वैधानिक कार्रवाई के बाद ही शव को सौंपा जाएगा। ना जाने किस बात को नाराजगी जाहिर करते हुए परिजनों ने मर्च्युरी में लगे खिड़की व सामानों में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। देर शाम होने की वजह से मामले में वैधानिक कार्रवाई नहीं हो पाई है पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है।

# ड्रिल मशीन की चपेट में आने से सह चालक की मौत



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा कोयला खदान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ड्रिल मशीन का चालक अपनी मशीन को पीछे कर रहा था इसी दौरान गाड़ी के पीछे खड़े सह चालक उसकी चपेट में आ गया, इस हादसे में सह चालक की मौत हो गई। साथी कर्मी की मौत से ठेका श्रमिकों में आक्रोश व्यात है।

एसईसीएल गेवरा खदान में मंगलवार को सभी कर्मी रोजाना की तरह अपने अपने कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अल सुबह लगभग 3 बजे ड्रिल मशीन का चालक अपनी मशीन को बैक कर रहा था। इसी दौरान वाहन के पीछे खड़ा सह चालक राजन राणा ड्रिल मशीन की चपेट में आ गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए गेवरा स्थित एनसीएच अस्पताल में लाया गया, जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने राजन राणा को मृत घोषित कर दिया। राजन राणा मूलतः नेपाल का रहने वाला था और एसईसीएल गेवरा में कार्यरत निजी कंपनी कलिंगा में सह चालक के रूप में कार्य पर नियोजित था। राजन राणा गेवरा खदान के 22 नंबर मेस में ही निवासरत था। रोजाना की तरह मंगलवार को रात्रि पाली में वह अपना काम कर रहा था। इसी दौरान ड्रिल मशीन का चालक लापरवाही से वाहन को रिवर्स कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक को यह अंदाज़ा नहीं था कि पीछे राजन राणा खड़ा है। जैसे ही वाहन पीछे बढ़ा, राजन राणा उसकी चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलते ही खदान प्रबंधन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वैधानिक कार्यवाही उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हादसे का कारण ड्रिल चालक की लापरवाही मानी जा रही है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

इस हादसे के बाद खदान कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि खदान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी आम बात हो गई है। कर्मचारियों ने मांग की है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

राजन राणा के आकस्मिक निधन से परिजनों का बुरा हाल है। उनका कहना है कि वह रोज़ की तरह ड्यूटी पर गया था, लेकिन अब कभी लौटकर नहीं आएगा। परिजनों और कर्मचारियों ने मिलकर खदान प्रबंधन से जवाबदेही तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कदम उठाने की मांग की है।

## पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

# साइबर सेल ने 122 लोगों को लौटाए उनके गुम हुए मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में ऐसे लोग जिनकी मोबाइल या तो चोरी हो गई थी या फिर कहीं गुम हो गई थी। अपने गम हुए मोबाइल व चोरी हुए मोबाइल को दोबारा मिलना सपने से काम नहीं था लेकिन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ऐसे मोबाइलों को खोजने के लिए साइबर सेल की स्पेशल टीम को लगाया था। साइबर सेल की टीम ने पिछले कई महीनों से लगातार मेहनत की। जिले और आसपास के जिले में मोबाइल संचालित हो रहे थे जिससे पुलिस ने अपनी मेहनत से बरामद करने में सफलता हासिल की। 122 मोबाइलों को हासिल कर उनके मालिकों तक पहुंचाया। मोबाइल मिलने से मोबाइल मालिकों के चेहरे पर मुस्कान झलक रही थी।



मोबाइल सौंपते पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी।

पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए मोबाइल फोनों को ढूंढकर उनके असली मालिकों तक पहुंचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री एवं साइबर सेल प्रभारी विमल पाठक के मार्गदर्शन में, साइबर सेल कोरबा की टीम ने गुम हुए मोबाइलों का पता लगाकर विभिन्न जिलों से उन्हें बरामद किया। जिसमें 122 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करके उनके मालिकों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सौंपे गए। बरामद मोबाइलों का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 18 लाख 50 हजार रुपए है। पिछले 6 महीनों में साइबर सेल द्वारा कुल 200 गुम हुए मोबाइल फोन ट्रैक करके उनके असली मालिकों को लौटाए जा चुके हैं।

**कैसे करें आवेदन**

अगर आपका मोबाइल खो जाए तो सीईआईआर पोर्टल पर जाएं तथा मोबाइल चोरी का विकल्प चुनें। अपना विवरण, एफआईकार की कॉपी, पहचान पत्र और मोबाइल का बिल अपलोड करें। फॉर्म जमा करें इसके बाद पुलिस और टेलीकॉम कंपनियां मोबाइल को ट्रैक करेंगी तथा मोबाइल मिलने पर संबंधित थाना या साइबर सेल आपको सूचित करेगा।

# विवाहिता की जली हुई अवस्था में मिली लाश, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत मंगलवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति मे जलने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरु कर दी है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाईन थाना के अंतर्गत जिला जेल के पीछे आवासीय क्षेत्र में महिला का शव जला हुआ मिला। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि मृतका सुषमा खुरसे है।



जो पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थी। पुलिस सूत्र बताते हैं कि सुषमा ने प्रेम विवाह किया था। सुषमा की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की बारीकी से तहकीकात कर रही है।

23 korba-pg2a_Layout 1 7/23/2025 11:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कक्षा दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**बिलासपुर।** कक्षा दसवीं के छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। वार्षिक परीक्षा में सेप्लीमेंट्री आ गई थी। उसके बाद से वह गुमसुम रह रहा था। पुलिस जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, तिफरा निवासी रूद्र यादव पिता जय कुमार यादव 17 साल कक्षा दसवीं का छात्र था। वार्षिक परीक्षा में वह पास नहीं हो सका था। 22 जुलाई को उसके माता पिता रोजी मजदूरी में चले गए। रूद्र स्कूल नहीं गया और घर में अकेले उसकी दीदी थी। उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### युवक से मारपीट कर आईफोन व कार में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर युवक के साथ एक अन्य युवक ने जमकर मारपीट करते हुए उनका आई फोन जमीन पर पटककर तोड़ दिया। उसके बाद ईंट पत्थर से मारकर कार का शीशा तोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पथरिया बरदुली निवासी मोहम्मद अर्श पिता वसीउल्ला खान ने रिपोर्ट लिखाई। वे पिछले 10 दिन से अपने मामा के घर यदुनंदननगर आए हुए हैं। 22 जुलाई की रात 7.50 बजे वे अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एपी, 9944 को लेकर शोएब शेख से मिलने बालमुकुंद स्कूल के पीछे अज्ञेय नगर गए थे। इसी दौरान तारबाहर निवासी अफजल मेमन नामक व्यक्ति आया और उन्हें देखकर गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो उसने उनके साथ हाथ मुक्का डंडा से जमकर मारपीट की। उनके हाथ से आई फोन छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। उसके बाद ईंट पत्थर से मारकर उनकी कार का शीशा तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर अफजल मेमन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आठ डाकघरों में रेलवे ने दी है आरक्षण की सुविधा

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर ने लोगों की सुविधा के लिए बिलासपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले आठ स्थानों पर नान रेल हेड व डाकघर में रेल आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई है। इससे यात्री अपने नजदीकी स्थान से ही आरक्षित टिकिट की बुकिंग कर सकते हैं। यह सुविधा भारतीय रेल की कम्प्टरीकृत आरक्षण प्रणाली पीआरएस के माध्यम से उपलब्ध है, जिसके तहत यात्री सभी ट्रेनों के लिए आरक्षित टिकिट ले पाएंगे। बिलासपुर रेल मंडल में अंबिकापुर, अमरकंटक, कोरबा, जशपुर के पोस्ट आफिस तथा बलौदा भारतीय स्टेट बैंक के सामने, बैकुंठपुर शहर पोस्ट आफिस के सामने फव्वारा चौक, मुंगेली में थाने के सामने और सूरजपुर रोड पुराने बस स्टैंड के पीछे इस आरक्षण बुकिंग की सुविधा को शुरु किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रयास रेलवे की यात्री सुविधा के लिए महत्वपूर्ण है।

**बकायादारों ने वर्षों से नहीं पटाया किराया** | आबंटन राशि और किराया नहीं पटाने पर निगम ने की है कार्रवाई

# ऊंची बोली लगाकर दुकानें ले ली, आबंटन निरस्त, नए सिरे से होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान की ऊंची बोली लगाकर आबंटन राशि जमा नहीं करने वाले नूतन चौक स्थित कांप्लेक्स के 11 दुकानों के आबंटन को निगम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार के 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है, उनके दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है। हाईटेक बस स्टैंड की दुकानों का किराया भी नहीं पटाया जा रहा है। इनकी भी नए सिरे से नीलामी की बात कही जा रही है। अब निगम ने नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की 21 दुकानों और आफिस को लीज पर आबंटन के लिए नए सिरे से टेंडर जारी किया है। इसमें 5 अगस्त तक निविदा भरी जा सकती है।

ध्यान रहे कि नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने दूसरी बार टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दो साल पहले जब इन दुकानों का आबंटन हुआ था तो बोली लगाई गई थी। कई दुकानें 60 लाख से लेकर 80 लाख तक में बिकी थीं। उस दौरान दुकान लेने वालों ने एफडीआर राशि तो जमा की लेकिन आबंटित राशि जमा नहीं की गई। जिसके बाद यह अब यह कार्रवाई की गई। इसी तरह महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकाने हैं जिन्हें 2008-09 में आबंटित किया गया था। जिनमें से 57 दुकानों का किराया बकाया था। इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था लेकिन ना तो जवाब दिया गया ना ही राशि जमा की गई।



### 90 लाख रुपए तक का किराया बाकी

इसी तरह महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने नेहरू नगर में महिला समृद्धि बाजार के लिए दो मंजिल के काम्प्लेक्स का निर्माण कराया। इसके एवज में लाखों रुपये खर्च किए गए। 93 दुकानें महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए प्रदान किया गया। दुकान संचालकों ने लेकिन पिछले दस सालों से किराया जमा नहीं किया। इसके कारण करीब 90 लाख रुपए किराया बाकी है। ध्यान रहे कि नगर ने दुकान संचालकों से आठ हजार रुपए जमा करवाकर दुकानों को आवंटित किया था और प्रति महीना आठ सौ रुपए किराया तय किया गया। बाद में इसे बढ़ाकर 1400 रुपए किया गया। यह राशि भी जमा नहीं की गई। सभी दुकानों पर दो से तीन लाख रुपए का बकाया है।

### रपटा पार की 29 दुकानों की सील किया गया

रपटा पार चांटीडीह में निगम की दुकानों पर कब्जा कर कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की है। सभी अवैध कब्जों को खाली कराते हुए निगम ने इन दुकानों को सील कर दिया है। निगम के मुताबिक इन दुकानों को किसी को भी आबंटित नहीं किया गया था। इसके बाद भी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों ने इन दुकानों में अपना सामान रखना शुरू कर दिया था। इस तरह की 29 दुकानों को निगम ने सील कर दिया है। निगम के मुताबिक अपोलो रोड से चिंगराजपारा चौक तक जो सड़क बन रही है उसमें से जो कब्जे हटाए जाएंगे उन्हें इन दुकानों में शिफ्ट किया जा सकता है।

### जमा नहीं की गई राशि

नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने दूसरी बार टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम



नशीली दवाओं व इंजेक्शन को नष्ट करता रोलर।

# नशीले इंजेक्शन पर चला बुलडोजर जलाया गया 7 क्विंटल गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी की उपस्थिति में जिले के विभिन्न थानों में 109 प्रकरणों में भारी संख्या में जब्त प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन, एप्पुल, केप्सूल पर बूलडोजर चलाकर व गांजा को फैक्ट्री की भठ्ठी में जलाकर नष्टीकरण किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिलों में जब्त मादक पदार्थो के नष्टीकरण जिला स्तरीय औषधी निपटान समिति गठित किया गया है। इसके अध्यक्ष एसएसपी रजनेश सिंह, सदस्य एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी हैं। 23 जुलाई को एसएसपी श्री सिंह व सदस्यों की उपस्थिति में मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर प्रा. लिमि. में जिले में 109 प्रकरणों में जब्त 697.692 किलो ग्राम गांजा को तोल कराने के बाद फैक्ट्री के भठ्ठी में जलाकर व 42 हजार 592 नग एम्पुल, 73 हजार 822 नग कैप्सूल, 5 हजार 678 नग इंजेक्शन को सड़क में रखकर बुलडोजर चलाने के बाद रोलर के माध्यम से जमीन में दबाकर नष्टीकरण किया गया है। इस तरह से 85 लाख 62 हजार 29 रुपए की मादर्क पदार्थ का नष्टीकरण किया गया है। इस दौरान आरआई भूपेन्द्र गुप्ता, टीआई प्रदीप आर्या, अभय सिंह बैस, निलेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक पर गांजा लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार



बाइक में गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 2 किलो 35 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने गांजा सहित बाइक जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा थाना के आरक्षक भागवत चंद्राकर को मुखबिर से सूचना मिली सफेद रंग के अपाचे क्रमांक सीजी 10 एनए, 3702 में एक युवक बैग में गांजा लेकर बिक्री करने जा रहा है। टीआई उत्तम साहू के नेतृत्व में बल ने घेराबंदी कर बाइक सवार बिल्हा वार्ड क्रमांक 1 निवासी शंकर प्रसाद शर्मा पिता स्व. मोतीलाल शर्मा 45 साल को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर 2 किलो 35 ग्राम गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 24 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा सहित बाइक जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### सिरगिट्टी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले 5 कोचियों पर पुलिस का प्रहार



पुलिस ने अभियान चलाकर सिरगिट्टी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले 5 कोचियों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेश नगर, चुचुहियापारा में लगातार अवैध शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। लोगों के द्वारा कुछ लोगों के द्वारा खुलेआम अवैध शराब बेचने से शांति व्यवस्था खराब होने की बात कही गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद सीएसपी श्री परिहार, टीआई किशोर केंवट बल के साथ चुचुहियापारा, गणेशनगर में अलग अलग जगहों में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले राम कुर्रे पिता हीरा कुर्रे, संजय लाल पिता सेवा लाल, बृजेश मिरी पिता अनजान मिरी, मूलचंद वर्मा पिता कुबेर वर्मा, अमर साहू उर्फ पप्पू घोड़ी को पकड़कर अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कोचियों को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सीएसपी श्री परिहार प्रतिदिन अपने क्षेत्र के थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वाले, अवैध हथियार रखकर चलने वाले, देर रात घूमने वाले, फरार वारंटियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कराई जा रही है।

**कोटा ब्लॉक में मलेरिया के मरीज अधिक मिल रहे** | **खराब पानी की वजह से डायरिया भी मचा रहा है आतंक**

# हर रोज मिल रहे मलेरिया व डायरिया के मरीज, विभाग करा रहा सिर्फ सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मलेरिया दहशत फैला रही है, पिछले 24 घंटे में 3 मरीज मलेरिया से पाजिटिव पाए गए हैं। सबसे ज्यादा कोटा ब्लॉक में मरीज मिल रहे हैं, लेकिन शहर के निजी अस्पतालों में भी मरीज अपना इलाज करा रहे हैं। खास बात यह है विभाग महज सर्वे कर दवा देने में जुटा हुआ है, जबकि मलेरिया की रोकथाम के लिए शासन द्वारा जन जागरूकता फैलाने में लाखों रूपए खर्च किए जाते है, फिर भी मलेरिया की रोकथाम नहीं हो रही है।



हर साल कोटा ब्लॉक में मलेरिया अपना आतंक मचता है, लेकिन विभाग की मुस्तैदी यह है कि 3 साल में एक बार ही मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटी जाती है। वहीं अधिकारियों को जानकारी मिलने पर ही मरीज तक पहुंच रहे हैं और सर्वे व दवा वितरण कर अपना काम पूरा कर रहे हैं, लेकिन शहर के कई इलाकों में मच्छरों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, निजी अस्पतालों में मलेरिया के मरीज मिल रहे है लेकिन विभाग तक इसकी जानकारी ज्यादातर नहीं पहुंच रही है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों से मलेरिया शहर तक पहुंच चुका है। पिछले 24 घंटे में 3 मरीज मलेरिया से पीड़ित हैं, जिसकी रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। तीनों ही कोटा क्षेत्र की है। ग्राम कुपाबंधा मझवानी के त्रिभुपति बिंदवार पिता जलसिंह अगरिया 10वर्ष, ग्राम केराचुआ छतौना के रमन सिंह पिता चैतराम, रितेश यादव पिता तिजराम 8 वर्ष की रिपोर्ट पाजिटीव पाई गई है। खास बात यह है मलेरिया के 20 से अधिक मरीज जिले में एक्टिव है, इसमें 5 बच्चे भी शामिल हैं।

### स्थिति नियंत्रण में है

जिले में 20 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं, वर्तमान में 3 मरीज कोटा के भी मिले हैं। विभाग सर्वे, जांच और दवा वितरण कर रहा है। शुरूआती दौर में एक दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन अभी फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं है।

-**डॉ बीके वैष्णव,** नोडल अधिकारी, मलेरिया

### विभाग छिपाता है आंकड़े

विडंबना यह है कि स्वास्थ्य विभाग मलेरिया, डायरिया, पीलिया के मरीजों की जानकारी आम लोगों तक छुपा रहा है, जहां इन बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है, वहां विभाग ऐसे इलाकों में ना तो मुनादी कराने की जिम्मेदारी उठा रहा है और ना ही किसी प्रकार का सर्वे किया जा रहा है।

### मौसमी बीमारियों की चपेट में लोग

बुधवार को डायरिया की चपेट में 8 मरीज अस्पताल पहुंच चुके हैं। वहीं पीलिया के 2 मरीज भी विभाग को मिले है। इस दौरान मौसमी बीमारियां के चपेट में आने के कारण 47 मरीज अलग अलग इलाकों में आए हैं। ये सभी आंकड़े सरकारी अस्पतालों के हैं। इसके विपरीत निजी अस्पतालों में मरीजों की लाइन लगी हुई है। मौसमी बीमारियों के चलते लोगों अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर है। वहीं ज्यादातर मामले की रिपोर्ट भी स्वास्थ्य विभाग को नहीं हो रही है।

### म्यूल बैंक खाते में 20 लाख 44 हजार का लेनदेन, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** म्यूल बैंक खाते में 20 लाख 44 हजार 274 रुपए के लेनदेन का उजागर हुआ है। पुलिस ने बैंक खाता धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, कर्नाटक निवासी मनुजा एस ने समन्वय पोर्टल पर 24 अप्रैल 2025 को शिकायत की। उसमें बताया गया कि तखतपुर बहुरता निवासी धर्मेन्द्र प्रसाद पिता रामकुमार सूर्यवंशी के बैंक खाते में साइबर ठगी से प्राप्त राशि जमा की गई है। जांच में पता चला उसके बैंक खाते में 20 लाख 44 हजार 274 रुपए का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने बैंक खाते का उपयोग जानबूझकर साइबर अपराध में किया। उसके खाते से पीड़ितों से ठगे रकम को अपने लाभ के लिए उपयोग किया जा सके। सारे रकम पीड़ितों से धोखाधड़ी कर ली गई है। पुलिस ने बैंक खाता धारक धर्मेन्द्र प्रसाद सूर्यवंशी के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रांग साइड कार चलाकर कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** बीती रात रांग साइड चलाते हुए कार सवार ने कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई की रात कोतवाली थाने का आरक्षक नवल सिंह पैकरा पिता चंद्रभान सिंह, राहुल जगत सूर्या होटल के पास लड़ाई झगड़ा की सूचना पर शिव टाकीज चौक की ओर पेट्रोलिंग गाड़ी क्रमांक सीजी 03 ए, 0294 से जा रहे थे। रात 11.50 बजे रीगल होटल के पास रांग साइड से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 एनडब्लूय, 8437 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पेट्रोलिंग गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में पेट्रोलिंग गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने आरक्षक पैकरा की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कोल परिवहन के दौरान उड़ रही डस्ट का मामला**

# कोल डस्ट पर भड़के सीजे, एसईसीएल से कहा- यह तो वही बात हो गई कि हम शराब बेचते हैं, बाकी पीने वाला जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल द्वारा बेचे गए कोयले के परिवहन के दौरान उड़ रही डस्ट और जनता को हो रही परेशानी के मामले में बुधवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एसईसीएल की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी की। नाराज चीफ जस्टिस ने यहां तक कह दिया कि एसईसीएल का रवैया इस प्रकार है कि हम कोयला बेचते हैं,बाकी परिवहन करने वाला जानें। यह तो वही बात हुई कि शराब बेचने वाला कहे हम तो शराब बेचते हैं, बाकी पीने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने पूरे मामले में जरूरी बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी करने के अलावा नया शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। इस मामले में बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। पूर्व में हुई सुनवाई में इसमें शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि आप प्लांट चलाइए कोई दिक्कत नहीं है कोई रोकता नहीं है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आपके कारण कोई अस्थमा से मर जा रहा है, बरसात का मौसम है, सड़कें खराब हैं ,कीचड़ है, आदमी चल नहीं पा रहा, एक्सीडेंट हो रहा, इस तरह का रवैया मत रखिए। एसईसीएल द्वारा प्रस्तुत एफिडेविट और जवाब पर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई।



### जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते

एसईसीएल का जवाब कुछ इस तरह का था कि हम कोयला खदान से कोल प्रोडक्शन करते हैं पर इसका ट्रांसपोर्टेशन हमारे द्वारा नहीं किया जाता, इसे खरीदने वाले ट्रांसपोर्ट करते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि परिवहन का काम ट्रांसपोर्टर को दे दिया है यह कहकर एसईसीएल अपनी जिम्मेदारियां से बच नहीं सकता। चीफ जस्टिस ने कहा कि एनटीपीसी, एसईसीएल बाकी जितनी भी ऐसी कंपनियां हैं वे देश के विकास के लिए जो काम कर सकती हैं, वह करें। इसका मतलब यह भी नहीं है कि आप दूसरों को इसके लिए तकलीफ दें। आपके कोल परिवहन करने वाले 18 चक्के वाली गाड़ियों से सड़कों की स्थिति खराब है, सड़कें धंसी हुई हैं। 5 किलोमीटर में 25 गड्ढे हो गए हैं, जो हम आपको दिखा सकते हैं और आप कहते हैं कि ये हमारी जवाबदारी नहीं है, हम केवल कोयला प्रोडक्शन करते हैं, बाकी ट्रांसपोर्ट करने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने कहा कि यदि ऐसा है तो हम ट्रांसपोर्टिंग बंद करवा देते हैं, आप रखे रहिए अपना कोयला अपने पास आप मैन्युफैक्चरर है आपकी रिस्पांसिबिलिटी है ऐसा नहीं है कि छोड़ दिए ट्रांसपोर्टर पर।

### दिए गए कड़े निर्देश

एसईसीएल के अधिवक्ताओं ने अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि माइनिंग एरिया में इस बात का बराबर ध्यान रखा जा रहा है कि नियमों का पालन हो, तब चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या ध्यान दिया जा रहा है, माइनिंग एरिया में मर्डर हो गया, कल आप ही तो आए थे उसको अपोज करने के लिए। ट्रांसपोर्टरों की आपसी लड़ाई में कि कौन पहले कोयला निकालेगा,कौन ट्रक ले जाएगा। 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर हुआ हैं,सीधा मर्डर है ये, और आप कह रहे हैं कि हमारा काम सिर्फ कोयला निकालना है। ऐसा न करें। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम सिर्फ इसी काम के लिए नहीं है। आपके पास बड़े-बड़े सलाहकार हैं। आप फायदा कमाए पर नागरिकों की सेहत और सुरक्षा का भी ध्यान रखें । चीफ जस्टिस ने इंस्ट्रक्शन जारी करते हुए कहा कि आप ऐसा करेंगे कि जितनी गाड़ियां आपके यहां से निकलेंगी उसे बिना कोल कवर के परमिट नहीं करेंगे। उसकी फोटो के साथ हाईवे पेट्रोलिंग टीम चेक करेगी।। यदि खुले में कोयला परिवहन करते मिला तो उस ट्रांसपोर्टर की एग्रीमेंट ,रजिस्ट्रेशन रद्द कर दीजिए। चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि हम पूरी फोर्स लगवा कर चेक करवाएंगे, इसके साथ ही उन्होंने फ्रेश एफिडेविट फाइल करने के निर्देश दिए हैं।

### लाइसेंस दिलाने के नाम पर सेना के आरक्षक से 3 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माईक्रोसाफ्ट कंपनी का लाइसेंस दिलाने के नाम पर सेना के आरक्षक से 3 लाख रुपए की ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मुंगेली जरहागांव हथनीकला निवासी सोमेश सिंह पिता विश्राम सिंह भारतीय सेना पैरा स्पेशल फोर्स में आरक्षक के पद पर हरिद्वार में पदस्थ हैं। राजू साहू पिता मानिकराम साहू भी भारतीय सेना में तैनात रहा है, जो वर्तमान में नौकरी छोड़ चुका है। भारतीय सेना में होने से उनकी बीच जान पहचान हो गई थी। राजू साहू व दिलीप कश्यप ने उन्हें मल्टी मिलियन डालर प्रोजेक्ट में काम करने के लिए माईक्रोसाफ्ट कंपनी का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 3 लाख रुपए ले लिया है। उन्होंने डेढ़ लाख रुपए राजू साहू की मां ईश्वरी साहू के बैंक खाते में व डेढ़ लाख रुपए अलग अलग किश्तों में राजू साहू के फोन पे पर ट्रांसफर किया है। रकम देने के बाद भी लाइसेंस नहीं दिलाया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजू साहू, दिलीप कश्यप, ईश्वरी साहू के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### माध्यमिक शाला मुढाली में किया गया गणवेश का वितरण

**हरदीबाजार।** शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत अध्यनरत स्कूली बच्चों को प्रतिवर्ष निःशुल्क गणवेश वितरण किया जाता है। इस वर्ष शासकीय स्कूलों में गणवेश के कपड़ा का रंग बदला गया है। नई ड्रेस पाकर बच्चों में काफी उत्साह है। कटघोरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढाली के सरपंच रामेश्वर सिंह मरकाम, उपसरपंच अजय राठौर, अमर गांधी राठौर, प्राचार्य टेकराम यादव के हाथों बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका श्रीमती सुनीता यादव, आनंदराम तांबेकर, रेवती रमण, बद्रिका राठौर का योगदान रहा। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमर गांधी राठौर ने शासन के योजना को बच्चों के प्रति शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देना अच्छी पहल है नई कलर का गणवेश पाकर बच्चों में काफी उत्साहवर्धन देखने को मिला और आज बच्चे आगे बढ़ चढ़ कर स्कूल पढ़ाई के लिए आना यह शासन के योजना का अच्छी पहल है।

### आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना कन्या जिला दुर्ग में संचालित है। जिसमें विज्ञान (गणित एवं जीव विज्ञान संकाय) तथा वाणिज्य विषय में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है। इस योजना के अंतर्गत छात्राओं को स्नातक, स्नाकोत्तर एवं बीएड तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। योजना का यह उद्देश्य है कि अनुसूचित क्षेत्रों में उल्लेखित विषयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए योजना विभाग द्वारा संचालित की गई है। योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक छात्राएँ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में आवेदन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क कर सकते हैं।

### जीएसटी विभाग की भर्ती प्रक्रिया में धांधली का आरोप

**कोरबा।** प्रदेश में पीएससी घोटाला उजागर करने वाले पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने एक और परीक्षा में धांधली और गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने जीएसटी विभाग की भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है। नकीराम कंवर का आरोप है कि जीएसटी विभाग में वर्ष 2021 और 2022 में आयोजित वाणिज्यिक कर निरीक्षक के लिए 350 पदों पर परीक्षा होनी थी, इसके ठीक 2 दिन पहले चयनित अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र मिल गया था। उन्होंने कहा कि व्यापमं को यह परीक्षा लेनी थी, लेकिन विभाग ने परीक्षा ली, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला। उन्होंने तत्कालीन आयुक्त समीर बिश्नोई के पीए और अन्य उच्च अधिकारियों से जुड़े कर्मचारियों के चयन पर भी सवाल उठाए हैं।

### स्कूल में पुस्तक पहुंचने के बाद भी छात्रों को नहीं मिली पुस्तक

**कोरबा।** नया शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह गुजर गए हैं लेकिन अभी तक सरकारी और निजी विद्यालयों में निःशुल्क पुस्तकों का वितरण नहीं हो सका है। इसकी वजह पुस्तकों में अंकित क्यूआर कोड के स्कैनिंग में आ रही परेशानी को बताया जा रहा है। पुस्तकों के वितरण में विलंब से शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थी भी पढ़ाई को लेकर परेशान हैं। जिले में लगभग 1526 प्राथमिक और 525 माध्यमिक के साथ ही 300 निजी स्कूल संचालित है। इन स्कूलों में 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है। शिक्षा सत्र का पहला माह गुजर चुका है। हालांकि शासन ने यह प्रणाली प्रत्येक पुस्तकों वितरण पर नजर रखने के लिए की गई है। बच्चों को निःशुल्क वितरण करने वाली प्रत्येक पुस्तकों में क्यूआर कोड अंकित किया गया है। पुस्तकों का विद्यार्थियों में वितरण से पहले क्यूआर कोड को स्कैन किया जाना है। इसके बाद ही वितरण किया जाना है।

## कटघोरा उपजेल परिसर में वनमहोत्सव का हुआ आयोजन

# एक पेड़ मां के नाम को अब जन आंदोलन के रूप में मिल रही पहचानः लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पेड़ पौधे प्रकृति के आभूषण है, इनका संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक अभियान एक पेड़ माँ के नाम को अब देश-प्रदेश में जनआंदोलन के रूप में पहचान मिल रही है। इस पहल के अंतर्गत लोगों को अपने मातृत्व भाव के प्रतीक स्वरूप एक पेड़ लगाने व हरियाली का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने का माध्यम है, बल्कि इसमें मां के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का सुंदर समन्वय है। इस हेतु हम सभी को वृहद स्तर पर पौध रोपण कर इस अभियान को सफल बनाना है।

उक्त बातें उपजेल कटघोरा परिसर में तेंदूपत्ता महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरण व एक पेड़ मां के नाम 2.0 वनमहोत्सव कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा।



पौधरोपण करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ चरण पादुका योजना का पुनःसंचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम में वनों के विषम परिस्थितियों में तेंदूपत्ता जैसे अनेक वनोपजों का संग्रहण करने वाली महिलाओं को चरण पादुका प्रदान किया जा रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी के तहत की गई वादों को पूरा करने का कार्य किया है। सरकार गठन के साथ ही 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति, 2 साल के धान का बकाया बोनस 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता, 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा में तेंदूपत्ता की खरीदी कर हितग्राहियों को लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हित में लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर विकास की नई ऊंचाईयों में पहुचाने का काम कर रही है। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने आमजनों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं और हर व्यक्ति एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल हमारे वातावरण को हरा-भरा बनाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण की नींव भी तैयार करेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार उपस्थित थे।

### महिलाओं को चरण पादुका पहनाकर बढ़ाया मान



इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने चरण पादुका वितरण योजना के तहत तेंदूपत्ता महिला संग्राहकों को चरण पादुका पहनाकर उनका मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत लगभग 64 हजार महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरित किया जाएगा। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रकृति को मां के रूप में देखने का भाव हमारे संस्कारों में रहा है। जब हम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाते हैं, तो यह केवल एक पौधरोपण नहीं होता, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आमजन बढ़ चढ़ कर सामाजिक दायित्व के साथ अपने आस पास पौधरोपण कर रहे है।



## महापौर ने तीर्थयात्रियों को रामलला दर्शन के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत निगम द्वारा पवित्र अयोध्या धाम यात्रा के लिए 35 श्रद्धालु तीर्थयात्रियों को साकेत भवन से तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मंगलकामनाओं के साथ रवाना किया गया। महापौर ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए श्रद्धालुजन इस पुण्य यात्रा पर प्रस्थान कर रहे हैं। ईश्वर उनकी यात्रा मंगलमय करें और वे रामलला के चरणों में अपने श्रद्धा भाव के साथ में पूर्ण भक्ति से दर्शन कर सकें।

**खास बात**

- 35 तीर्थ यात्रियों का दल अयोध्याधाम की यात्रा के लिए हुआ रवाना

राज्य सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला के दर्शन प्रतिमाह कराये जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम की यात्रा के लिये रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में बुधवार की सुबह 8 बजे महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, ममता यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखा कर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया।

## दीपका में मनाई गई स्व बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

नगर पालिका परिषद दीपका स्थित बिसाहू दास उद्यान में स्व. बिसाहू दास महंत की 47वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसमें सर्वप्रथम सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत व तनवीर अहमद ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। सांसद प्रतिनिधि द्वय तनवीर अहमद व पोषक महंत ने स्व. बिसाहू दास महंत के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि वे सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने बांगो बांध से जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई और कोसा उद्योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। कार्यक्रम में संयुक्त महामंत्री कांग्रेस रजनीश तिवारी, प्रशांति सिंह, सुरज दास मानिकपुरी, केदार सिंह, हर्षित देवी राजपूत, श्रीदेवी नायर, डांस एमसी राजवाड़े, विशाल शुक्ला, गोपाल यादव, तारकेश्वर मिश्रा, बालेन्द्र सिंह, मोहम्मद अफजल, रामजय सिंह, फैयाज अंसारी, रहमान खान, पार्षद अविनाश यादव, आकाश साहू, कमलेश जायसवाल, रोशन निर्मलकर, सोनू खान एवं भारी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

## बदलाव के दौर में पत्रकारिता में विश्वसनीयता बनाए रखना पत्रकारों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बदलाव के इस दौर में पत्रकारिता में विश्वसनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी पत्रकारों की है। प्रिंट मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक जिस तेजी से बदलाव हुआ है। उससे पत्रकारिता के स्वरुप में बदलाव आया है। इस स्वरुप को बनाए रखने के साथ समाज के बीच प्रतिष्ठा बनाना पत्रकारों के लिए चुनौती बन चुका है और यह तभी हो सकता है जब पत्रकार समाज के सभी वर्गों में अपनी विश्वसनीयता कायम रख सके।

बाल गंगाधर लोकमान्य तिलक की जयंती पर प्रेसक्लब तिलक भवन में पत्रकारिता व व्याख्यान कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और लेखक दिवाकर मुक्तिबोध ने कहा कि आज भी लोगों की सुबह अखबार से होती है। पत्रकारिता भटक सकती है लेकिन दिशाहीन नहीं हो सकती। यह तभी संभव है जब हर पत्रकार समाज में अपनी निष्पक्षता के साथ प्रतिष्ठता कायम रखे। इससे समाज के लोगों का उसके प्रति विश्वास बढ़ेगा। जनता के बीच पहचान बनाने के लिए पत्रकारों को निष्पक्ष रहना होगा। निष्पक्ष छवि बनानी होगी। सरकार मीडिया से डरती है और तभी डरती है जब ईमानदारी से पत्रकारिता हो। व्यवसायिकता के समय में भी ईमानदारी से पत्रकारिता हो रही है। पत्रकारिता में संकट हमेशा से रहते आया है और यह आगे भी रहेगा। इन सबके बीच रहकर पत्रकारों को काम करना होगा। पत्रकारिता में संघर्ष है और इस संघर्ष से ही सफलता मिलती है और यही से समाज में प्रतिष्ठता बनती है जब पत्रकार समाज में निष्पक्षता के साथ चलेगा तो उसकी प्रतिष्ठता को समाज स्वीकारेगा यह और पत्रकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि समाज में उसकी छवि निष्पक्ष पत्रकार के रुप में बनी है और इसी निष्पक्षता के आधार पर वह अपनी छाप शासन प्रशासन और सरकार पर कायम रखता। श्री दिवाकर ने कहा कि पत्रकारिता में दबाव बढ़ गया है आज मार्केटिंग पहले दौर पर है, परिवार की जिम्मेदारी के साथ पत्रकारों को पत्रकारिता की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। इसके लिए कहीं समझौता करना पड़ सकता है ये कोई खराब नहीं है। पत्रकारिता में आज एनालिसिस और पोस्टमार्टम जैसे सब्जेक्ट नहीं दिखते। न्यूज की जगह यूज मिल रही है। पत्रकारिता के लिए एक दृष्टि होना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रेस क्लब रायपुर के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने पत्रकार सुरक्षा कानून पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून 2023 से प्रदेश में लागू है। इसके लिए पत्रकारों को अभी भी जागरुक होने की जरुरत है।



प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

## बाबूजी ने राजनीति को माना सेवा कार्य, आम जनों के बीच बनाई विशिष्ट पहचानः महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भौतिक रूप से हमारे बीच आज भले ही बाबूजी नहीं है किन्तु अप्रत्यक्ष रूप से सदैव उनका आशीर्वाद हम पर बना रहता है। उनका पूरा जीवन सादगी और त्याग से परिपूर्ण रहा। उनसे प्रेरणा लेकर हम कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। बाबूजी ने राजनीति को सेवा कार्य मानते हुए आमजनों के बीच विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी कल्पना के कारण बहुत पहले छत्तीसगढ़ राज्य का जो बीजारोपण हुआ था, वह अब हमारे सामने अलग प्रदेश के तौर पर मौजूद है।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय जननेता स्व.बिसाहूदास महंत की 46वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। ओपन थियेटर घण्टाघर के पास स्थित बिसाहूदास महंत स्मृति उद्यान में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बिसाहूदास महंत को लोकप्रिय जनप्रिय नेता निरूपित करते हुए उनकी कार्यशैली पर रौशनी डाली। श्री अग्रवाल ने कहा कि स्व.महंत ने चार बार मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाई।



स्व .बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि में शामिल कांग्रेसी।

उनके कार्य निर्वहन की क्षमता अब भी हमारे लिये प्रेरणास्त्रोत है। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि बिसाहूदास महंत ने सादा जीवन उच्च विचार की अवधारणा को जीवंत करते हुए एक बेहतर मिसाल कायम की। हजारों लोग उनसे सिर्फ इसी वजह से प्रेरित हुए। उनके द्वारा मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष के बतौर किये गये कार्यों से हमें बहुत कुछ सीख लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय टेकाम, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान, नत्थु लाल यादव, नगर पालिका कटघोरा अध्यक्ष राज जायसवाल, नगर पंचायत छुरीकला के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश परसाई, सुरेन्द्रप्रताप जासयवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदीप अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत दास महंत सहित अन्य उपस्थित थे। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांवों में ही भारत की आत्मा निवास करती है। बिसाहूदास जी ने राजनैतिक कैरियर में ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और पुरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उच्च मूल्यों के आधार पर राजनीति करते हुए अलग पहचान बनाई। स्व. बिसाहूदास महंत छत्तीसगढ़ के माटी के लाल बहादुर एवं जन सेवक थे। हाथ करघा से निर्मित कोसा वस्त्र उद्योग को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का श्रेय भी बिसाहू दास महंत को जाता है।

## उद्योग मंत्री ने योगाचार्यों को भेंट की योगा मैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिले में योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति, योग मित्र मंडल, ओमकारा योग शाला और कोरबा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को योगा मैट का वितरण किया और उन्हें योग को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात कही। बुधवार को उद्योग मंत्री ने जिले के योगाचार्यों को अपने निवास पर आमंत्रित किया था। इस दौरान योगाचार्यों से उद्योग मंत्री से चर्चा की और योग के प्रचार प्रसार पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि योग शरीर को स्वस्थ्य बनाने, मन को प्रसन्न करने तथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन है, योग भारत की अभूतपूर्व देन हैं। इस योग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के साथ दुनिया में प्रतिष्ठित किया है। योग हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भी लगातार महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहें हैं।



## हाथियों का एक और झुण्ड पहुंचा जिले के जंगल में, बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के जंगलों में हाथियों का एक और झुण्ड पहुंच गया है। हाथियों के इस झुण्ड में 21 हाथी हैं जो धरमजयगढ़ वनमंडल से बीती रात कुदमुरा पहुंचे। हाथियों का झुण्ड यहां के जंगलों में कुछ देर एक साथ विचरण करने के बाद इसमें से 6 हाथी झुण्ड से अलग हुए और आगे बढ़कर पसरखेत रेंज के कोल्गा सर्किल पहुंच गए जबकि 15 हाथी कुदमुरा सर्किल के जंगल में विचरण कर रहे हैं। पसरखेत पहुंचे हाथियों ने आते ही उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान के फसल को रौंद दिया। जिससे तीन ग्रामीण प्रभावित हुए हैं, उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मंगलवार की सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों की निगरानी करने के साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराने का अभियान शुरू किया। बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। ज्ञात रहे कि 22 हाथी पहले से ही कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हैं जिनमें से 21 हाथी कोरबा रेंज अंतर्गत कोरकोमा व केरवा के बीच झुंझमार जंगल में हैं जबकि एक दंतैल कोरबा के आसपास अकेला विचरणरत है। कोरबा रेंज में मौजूद हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक क्षेत्र में घूम रहे हाथियों की निगरानी ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले द्वारा लगातार की जा रही है। हाथियों की हर गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर, जटगा व केंदई रेंज में भी हाथी समस्या लगातार जारी है। यहां के जंगलों में 46 के लगभग हाथी अलग-अलग झुंडों में विचरण कर रहे हैं।



**कोरबा मार्केट**



गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

### शपथ पत्र

मैं नफीश कुरैशी, उम्र लगभग 37 वर्ष, पिता- मोहम्मद सब्बीर, निवासी- भाटापारा रोड, अयोध्यापुरी, जमनीपाली, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं:

01. यह कि, मैं उक्त पते पर स्थायी रुप से निवास करता हूं। मेरा आधार कार्ड क्रमांक 3969 4807 9494 है।

02. यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सद्दीक दर्ज है जिसका बुक क्रमांक 9393 तथा पंजीयन क्रमांक 4161/92 पंजीयन दिनांक 20/08/1992 है तथा इसके अतिरिक्त मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सद्दीक अली दर्ज है।

03. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम नफीश कुरैशी पिता मोहम्मद सब्बीर दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।

04. यह कि नफीश कुरैशी एवं सद्दीक तथा सद्दीक अली तीनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम हैं जो कि सत्य एवं सही है।

05. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित विभाग/ कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
**नफीश कुरैशी**
पिता- मोहम्मद सब्बीर
निवासी- भाटापारा रोड, अयोध्यापुरी, जमनीपाली, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क. - 202507050100029
/अ-6अ/2024-25
ग्राम - कोरबा प0ह0नं0 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती इन्द्रा सक्सेना पति स्व0 नरेशचन्द्र सक्सेना निवासी क्वा0नं0 एमआईजी-12 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-2 कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प0ह0नं0 16 स्थित ख0नं0 161/5/क रकबा 0.014 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज रहा है। वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में उक्त वर्णित खसरे की भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज नहीं होने के कारण अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 115 के तहत प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 08/08/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL INSPIRING BETTER HEALTH
NABH
जुलाई 2025
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची
25 जुलाई 2025 (शुक्रवार) — डॉ. कुंवर सिद्धार्थ सौरभ (वैस्कुलर एवं एंडोवैस्कुलर सर्जन)
27 जुलाई 2025 (रविवार) — डॉ. अनिल कुमार चौहान (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ)
31 जुलाई 2025 (गुरूवार) — डॉ. सतीष सूर्यवंशी (कार्डियोलॉजिस्ट)
02 अगस्त 2025 (शनिवार) — डॉ. संदीप दवे ( लैप्रोस्कोपिक सर्जन)
आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

## खबर संक्षेप

### बोईदा से अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए 8 श्रद्धालु

**हरदीबाजार।** श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोईदा के 8 श्रद्धालुओं को विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा व सरपंच संजय राज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा ने कहा कि शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लें। सरपंच संजय राज ने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना बहुत ही अच्छी योजना है। इस दौरान अयोध्या तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित श्री रामलला दर्शन योजना बहुत ही अच्छी योजना है। जिसके माध्यम से हम सुविधाओं के साथ अयोध्या जाकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन कर पा रहे हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### पद तो आते जाते रहेंगे लेकिन स्नेह एवं अपनत्व हमेशा रहना चाहिए : महापौर

**कोरबा।** महिला साहू समाज बालको द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालकों नगर में सहपरिवार सावन उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में महापौर महोदया श्रीमती संजू देवी राजपूत मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि पद तो आते-जाते रहेंगे लेकिन अपनों के मध्य अपनत्व एवं स्नेह हमेशा बरकरार रहना चाहिए चाहे कोई कितने भी ऊंचे पद में क्यों ना पहुंच जाये। एक सामान्य स्त्री के रुप में जीवन के अनुभवों को भी साझा किया। सावन क्वीन का खिताब उमा गोरेलाल साहू, उपविजेता गुंजा चंद्रकांत साहू एवं अंजू भुवन साहू व विजयी खेल प्रतिभागी प्रियंका साहू, पायल साहू, खोमेश्वरी साहू, अंजू साहू, वंदना साहू शामिल रहें। कार्यक्रम में मुख्य रुप से महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना रुनेझा, मंडल उपाध्यक्ष रेणुप्रसाद , हिमानी साहू, पूजा साहू, कविता साहू, छाया साहू, गुंजा साहू, रश्मि साहू, पलक साहू, मनीषा साहू, कीर्ति बाला साहू, उषा साहू, ज्योति साहू, अर्चना साहू, दीनू साहू, संगीता साहू आदि उपस्थित थे।

### उमरेली विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**उमरेली।** ग्राम उमरेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। लक्ष्मीचंद देवांगन अध्यक्ष शाला विकास समिति उमरेली के नेतृत्व में पौधरोपण आयोजन कियागया। पौधरोपण के दौरान गांव की सरपंच श्रीमती सुखबाई कंवर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पौधरोपण कार्यक्रम में स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधा को परिसर में लगाया गया। जिसमें प्राचार्य जेएल रात्रे एवं स्कूल के शिक्षक सहित एनएसएस एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्र उपस्थित रहे। जिन्होंने अपना श्रमदान कर पौधरोपण करने में योगदान दिया। इस अवस पर डॉ प्रसाद देवांगन, गोपी देवांगन, श्रीमती सीता बाई देवांगन, गोपी सूर्य, फलेश पाण्डेय सहित ग्रामवासी एवं शिक्षकउपस्थित रहे।

### स्पॉन्सरशिप योजना से संवर रहा बच्चों का भविष्य

**कोरबा।** जिलों में बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किए जाने हेतु किशोर न्याय अधिनियम तथा आदर्श नियम के प्रावधान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से मिशन वात्सल्य योजना संचालित है। योजना अंतर्गत विधि से संघर्षरत एवं देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु राज्य बाल संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ के माध्यम से सभी जिलों में संस्थागत एवं गैर संस्थागत सेवाएं उपलब्ध है। जिसके अंतर्गत जिले में किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यरत है। जिले में निवासरत ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता नहीं है। जिन्हें देखरेख एवं संरक्षण तथा पालन पोषण, शिक्षा हेतु विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन बच्चों हेतु शासन की स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत चार हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। ताकि उन बच्चों को बेहतर देखरेख एवं संरक्षण तथा पालन पोषण, शिक्षा प्राप्त हो सके। वर्तमान में उपरोक्त 122 बच्चों को गैर संस्थागत कार्यक्रम अंतर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के माध्यम से उनके पालन पोषण एवं देखरेख, शिक्षा हेतु 4 रुपए प्रतिमाह सीधे उन बच्चों के संरक्षकों के खाते में हस्तांतरित की जा रही है।

## निहारिका से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च कर किया कलेक्ट्रेट का घेराव

# भू-विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



शवयात्रा के दौरान कलेक्टोरेट के बाहर पुलिस से झूमाझटकी करते भूविस्थापित।



कलेक्टोरेट के बाहर प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कोयला खदान से प्रभावित ग्रामीणों ने कुसमुंडा प्रबंधन का शव यात्रा निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन जताया। सुभाष चौक में पुतला दहन के दौरान ग्रामीणों का पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इस दौरान नाराज महिलाओं ने एक पुलिस जवान को घेर लिया। महिलाओं से झूमाझटकी को लेकर नाराज ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन करते हुए कोयला मंत्रालय के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।



पुतला दहन करते भूविस्थापित।

उल्लेखनीय है कि कोरबा में एसईसीएल की गेवरा, कुसमुंडा और दीपका परियोजना का विस्तार जारी है। एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के विस्तार से प्रभावित चंद्रनगर जटराज के सैकड़ों ग्रामीण नौकरी, विस्थापन और उचित मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है। लेकिन एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता से त्रस्त भूविस्थापितों ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर दिया। प्रभावित ग्रामीणों ने घंटाघर चौक से एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन का शव यात्रा निकाला। जिसे पुलिस ने सुभाष चौक में रोक दिया गया। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने सुभाष चौक पर ही प्रतिकात्मक शव को सड़क पर रखकर आग लगा दिया। इस दौरान पुतला दहन को रोकने और उसे बुझाने को लेकर ग्रामीण और पुलिस के बीच झूमाझटकी शुरू हो गई। पुलिस की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने एक पुलिस जवान को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान महिलाओं के साथ धक्का मुक्की होने पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इसका जमकर विरोध जताया। इसके बाद भूविस्थापितों ने कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च किया। कलेक्टर कार्यालय के गेट पर ग्रामीणों को रोके जाने पर प्रभावित ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए कोल सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

### एसईसीएल प्रबंधन पर निष्क्रियता और बलपूर्वक गांव खाली कराने का आरोप

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित चंद्रनगर के भूविस्थापितों ने आरोप लगाया है कि कोयला खदान के लिए उनकी जमीने वर्ष 1978-79, 1983-1984 और सन 2009-2010 में चार किश्तों में अधिग्रहण किया गया। जमीन अधिग्रहण के वक्त प्रभावित किसानों को एसईसीएल में नौकरी, उचित मुआवजा और विस्थापना का भरोसा दिलाया गया था, लेकिन समय गुजरने के साथ ही एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारी प्रभावित ग्रामीणों के हक की लड़ाई में निष्क्रियता बरतने के साथ ही लापरवाही कर रहे है। ग्रामीणों को उचित मुआवजा, नौकरी और विस्थापन दिये बगैर ही उनके गांव को बलपूर्वक खाली कराने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव खाली नहीं करने पर एसईसीएल की ठेका कंपनी में काम करने वाले ग्रामीणों को काम से निकालने की धमकी दी जा रही है।

# ड्रोन सर्वे के खिलाफ भड़का ग्रामीणों का आक्रोश



बैठक करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम भिलाईबाजार में ग्रामीणों की मांगों को पूरा किए बगैर ड्रोल सर्वे कराए जाने के आदेश से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने ड्रोन सर्वे का विरोध करते हुए कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा है। साथ ही मांगों की अनदेखी करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा खदान के लिए भिलाई बाजार में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। ग्राम भिलाईबाजार में कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी ने 23 से 27 जुलाई तक ड्रोन कैमरा से सर्वे का आदेश जारी किया है, जिसकी मुनादी जब ग्राम कोटवार ने की तो ग्रामवासी आश्चर्यचकित हो गए। बिना जानकारी के अनुविभागीय अधिकारी गांव में ड्रोन सर्वे कैसे करा रहे हैं, यह सवाल उनके मन में उठा। मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भिलाईबाजार के पंचायत भवन में एकत्रित हुए और बैठक में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी के आदेश का विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा है कि पूर्व में हुई त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान धारा 9 के प्रकाशन से पहले किसी प्रकार का कोई ड्रोन सर्वे न कराने की बात पर सहमति बनीं थी, किन्तु अनुविभागीय अधिकारी के इस रवैए से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव में ग्रामसभा कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि जब तक मुआवजा पत्रक तैयार नहीं हो जाता तब तक किसी भी प्रकार का ड्रोन सर्वे नहीं करने दिया जाएगा अन्यथा उग्र आंदोलन के लिए ग्रामवासी बाध्य होंगे। भिलाईबाजार के सरपंच रजनी मरकाम ने कहा कि ड्रोन सर्वे का आदेश जारी किया जाना पूरी तरह अनुचित है। जिसका ग्रामीणों द्वारा पुरजोर विरोध किया गया है। जब तक मुआवजा पत्रक नहीं दिया जाता तब तक किसी प्रकार का ड्रोन सर्वे नहीं करने दिया जाएगा, जिसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

### एसडीएम ने दी है सर्वे की अनुमति

अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा ने मुख्य महाप्रबंधक गेवरा क्षेत्र को ड्रोन सर्वे की अनुमति प्रदान की है। जिसमें कहा गया है कि भिलाईबाजार में सीबीए एक्ट 1957 के तहत धारा 7(1) का प्रकाशन किया जा चुका है। शीघ्र ही अर्जन की कार्रवाई की जाएगी। शासन के उपरोक्त निर्देश की मंसा को ध्यान में रखते हुए भिलाईबाजार के संपूर्ण भूमि का 23 से 27 जुलाई तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक ड्रोन सर्वे की अनुमति प्रदान की गई है।

### आदेश को निरस्त करने की मांग

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में सरपंच रजनी मरकाम ने कहा है कि 22 जुलाई को ग्रामीणों की आमसभा आयोजित की गई थी। जिसमें निर्णय लिया गया है कि जब तक धारा 9 का प्रकाशन नहीं किया जाता तब तक गांव में किसी भी प्रकार का ड्रोन सर्वे नहीं किया जाएगा। इस संबंध में 28 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी सभाकक्ष में त्रिपक्षीय वार्ता में भी चर्चा की गई थी। ग्रामीण द्वारा निर्णय लिया गया है कि धारा 9 का प्रकाशन कर पात्र व्यक्ति को नांमाकन पत्र देते हुए आगे की कार्रवाई की जाए। ड्रोन सर्वे के आदेश का विरोध करते हुए उन्होंने इसे निरस्त करने की मांग की है।

# कटघोरा अम्बिकापुर मुख्यमार्ग जर्जर, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाला कटघोरा-अम्बिकापुर मुख्यमार्ग का कुछ हिस्सा जर्जर हो चुकी है। महाबली स्टोर्स और पवन ज्वेलर्स के सामने का हिस्सा तो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है जिससे हादसे का डर बना हुआ है।



जर्जर सड़क।

प्रतिदिन बस, चार पहिया, दोपहिया वाहन गुजरते हैं। साथ ही स्थानीय निवासी भी बड़ी संख्या में इस रास्ते का उपयोग करते हैं लेकिन सडक़ की बिगड़ती हालत और लगातार हो रही बारिश ने स्थिति को और बदतर बना दिया गया है। बारिश होने से सडक़ पर कीचड़ और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पानी के भराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, और लोग अचानक इन खतरनाक गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं। रात्रि के समय इस मार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। नागरिकों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग विभाग क्रमांक 1, कटघोरा को इस जर्जर सडक़ की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। विभाग की यह उदासीनता सीधे तौर पर उसकी निष्क्रियता और जनहित के प्रति लापरवाही को उजागर करती है। कई बार शिकायत की गई लेकिन एक्शन नहीं हुआ। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने यह आशंका व्यक्त की है कि यदि समय रहते इस मार्ग की मरम्मत नहीं करवाई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इनका कहना है हर रोज बच्चों को स्कूल छोडऩे जाना पड़ता है। लेकिन गड्ढों से भरी इस सडक़ पर चलना एक जोखिम जैसा हो गया है। प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है।

### महिला की मौत, नहीं हुई पहचान, पुलिस की बढ़ी परेशानी



**कोरबा।** एक 50 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ने पर संजीवनी 108 की मदद से उसे मेडिकल हॉस्पिटल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है लेकिन अब उसके परिजनों का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जिला अस्पताल पुलिस मृत महिला के परिजनों का प्रयास कर रही है ताकि वैधानिक कार्रवाई की जा सके। जिला अस्पताल पुलिस प्रभारी दाउद कुजूर ने जिले के सभी थाना चौकी प्रभारी ने आसपास के पड़ोसी जिलों के प्रभारी को सोशल मीडिया के माध्यम से मृत महिला के प्रयास में जुटी हुई है। संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से पुराना बस स्टैंड कोरबा से इलाज के लिए रेशमा साहू उम्र 50 वर्ष पति राजू साहू को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जिसकी 21 जुलाई को इलाज दौरान मौत हो गई है। जिला अस्पताल पुलिस प्रभारी दाउद कुजूर ने अपील की है कि जिस किसी थाना चौकी पुलिस सहायता केंद्र गुमइंसान दर्ज होगी तो छायाचित्र को देखकर अपने-अपने थाना चौकी पुलिस सहायता केंद्र पेट्रोलिंग पार्टी के माध्यम से पता चलने पर वारिस को पुलिस सहायता केंद्र जिला अस्पताल भेजने का कास्ट करेंगे ताकि वैधानिक कार्रवाई की जा सके नहीं पहुंचने पर 25 जुलाई को कफन दफन की जाएगी।

### वेतन भुगतान को लेकर ठेका श्रमिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा।** एसईसीएल की दीपका एक्सपेंशन परियोजना में कार्यरत कलिंगा कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (केसीसीएल) के कर्मचारियों ने वेतन विवाद को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हेल्पर, सुपरवाइजर और अटेंडर पदों पर कार्यरत श्रमिकों ने साफ कहा है कि यदि 27 जुलाई तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे 28 जुलाई से चांदनी चौक दीपका माइन्स में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। श्रमिकों का कहना है कि वे पिछले तीन वर्षों से एसईसीएल की इस परियोजना में कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्धारित हाई पावर कमेटी दर के अनुसार वेतन नहीं मिल रहा है।

# शराब के नशे में वायरल युवती का बॉयफ्रेंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत 15 दिन पूर्व टीपी नगर स्थित ओएनसी बार एवं पाम मॉल में शराब सेवन कर मॉल के बाहर सड़क में आसामाजिक तत्वों के द्वारा आपस में उपद्रबाजी कर मारपीट की घटना को घटित किया गया था, उक्त घटना को रोकने एवं उचित समझाइए देने के दौरान एक युवती एवं युवक के द्वारा शराब के नशे में पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया था। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। घटना के संबंध में पुलिस चौकी सीएसईबी थाना सिविल लाइन रामपुर जिला कोरबा में धारा 296,132,221,3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव के द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ के सहयोग से घटना के वायरल वीडियो की तस्दीक कर युवक एवं युवती का पता किया गया एवं घटना में संलिप्त युवक मुडापार निवासी अभिषेक सिंह उर्फ छोटू उम्र 31 वर्ष पिता स्वर्गीय विनय सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है तथा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीएफ 3700 को जप्त किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## कछुआ रफ्तार से चल रहा है नल कनेक्शन देने का कार्य

# जिले में 7 सौ आंगनबाड़ी केंद्र सक्षम बने किंतु पानी सौ केंद्रों में ही पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में महिला बाल विकास विभाग ने 7 सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम तो बना दिया है किंतु पानी के मामले में महज सौ केंद्र ही सक्षम बन सके हैं। बीते एक साल से चल रहे कछुआ चाल के कारण नल कनेक्शन देने का काम तेजी नहीं पकड़ सका है। जबकि 6 सौ केंद्र अभी बाकी है। जहां पानी की सुविधा के लिए हैंडपंप ही सहारा है।

**खास बात**

- ग्रामीण अंचलों में चल रही जल जीवन मिशन से देना है कनेक्शन




यूनिशेफ की गाइडलाइन के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र आने वाले बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल होना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी बच्चों के पोषणआहार में शुद्ध पेयजल को प्रमुखता से शामिल किया है और इसके तहत कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम बनाने की योजना लाई गई थी। जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 7 सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम तो बना दिया गया किंतु उन केंद्रों में नल कनेक्शन देने का काम पूरा नहीं किया जा सका है। एक साल में केवल सौ केंद्रों में ही नल कनेक्शन दिये जा सकते हैं। जबकि नल कनेक्शन देने का काम सभी केंद्रों में पूर्ण हो जाना चाहिए था। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है। जिन ठेका कंपनियों को नल कनेक्शन देने का काम दिया गया है उनके द्वारा धीमी गति से कार्य किए जाने के परिणाम स्वरुप सौ कनेक्शन तक ही काम आगे बढ़ सका है। जबकि लगातार विभागीय समीक्षा के दौरान नल कनेक्शन देने के लिए विभाग के द्वारा निर्देशित किया जाते रहा है।

### महिला बाल विकास विभाग ने नहीं दिखाई रुचि

आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन करने वाले महिला बाल विकास अधिकारियों ने भी सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन देने के लिए रुचि नहीं दिखाई। विभाग के अधिकारियों ने ऐसे केंद्रों का निरीक्षण भी नहीं किया और यह जानने की जरुरत नहीं समझी कि नल कनेक्शन कितने केंद्रों तक पहुंचा है। विभाग की मानें तो 7 सौ सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और 2 सौ सामान्य आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कुल 9सौ केंद्रों में कनेक्शन देना है। वर्तमान में सौ केंद्रों में यह सुविधा पहुंच सकी है। इससे महिला बाल विकास विभाग की लापरवाही नजर आती है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

